संख्या–cm-254
16/08/2024

मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

- मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्य तिथि को राजकीय समारोह के रूप में मनाये जाने की घोषणा की।

पटना, 16 अगस्त 2024 :– पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्य तिथि के अवसर पर राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर तथा मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पाटलिपुत्रा पार्क, पटना में स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्य तिथि को राजकीय समारोह के रूप में मनाये जाने की घोषणा की।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, बिहार विधानसभा अध्यक्ष श्री नंदकिशोर यादव, जल संसाधन मंत्री सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ0 दिलीप कुमार जायसवाल, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री अशोक चौधरी, सांसद श्री रविशंकर प्रसाद, सांसद श्री देवेश चन्द्र ठाकुर, विधायक श्री प्रमोद कुमार, विधायक श्री संजीव चौरसिया, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान पार्षद श्रीमती कुमुद वर्मा, पूर्व सांसद श्री रामकृपाल यादव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन, बिहार गीत एवं देश भक्ति गीतों का गायन भी किया गया।

******